(159)

झारखण्ड अधिविद्य परिषद, राँची

WEB-NOTICE – 08/2024

झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2024 हेतु ऑनलाइन भरे गये परीक्षा आवेदन प्रपत्र में संशोधन से संबंधित आवश्यक सूचना

विज्ञप्ति संख्या– 30/2024 के माध्यम से झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2024 के आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उक्त के क्रम में कई आवेदकों द्वारा परिषद् के संज्ञान में दिया गया है कि उनके द्वारा परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरते समय कुछ त्रुटियाँ की गई है और उसमें संशोधन करने का अनुरोध किया जा रहा है। आवेदकों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए परिषद् द्वारा संशोधन हेतु अभ्यर्थियों को एक मौका प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। संशोधन करने से संबंधित सूचना झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2024 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र आमंत्रित करने की निर्धारित तिथि समाप्ति के पश्चात् की जाएगी, जो कि एक अंतिम अवसर के रुप में देय होगा। इसके उपरान्त किसी भी परिस्थिति में इससे संबंधित अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा।

सभी आवेदकों से अनुरोध है कि अपने आवेदन प्रपत्र को अन्तिम रुप से Submit आवश्यक रुप से करेंगे। संशोधन की प्रत्याशा में अपने आवेदन प्रपत्र को अधूरा नहीं छोड़े। अन्तिम तिथि समाप्ति के पश्चात् आपका आवेदन प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं इसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे। साथ ही सभी आवेदकों से यह भी अनुरोध है कि वे अपना आवेदन भरने के लिए मोबाईल/टेबलेट या आई–पैड का प्रयोग नहीं करेंगे।

अध्यक्ष के आदेश से,

21/8/24

सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद,
राँची।

21/8/24